# CS (MAIN) EXAM:2018

**EGT–P–PSYC**

## मनोविज्ञान (प्रश्न-पत्र–I)

| समय : तीन घण्टे | अधिकतम अंक : 250 |
|---|---|

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)

दो खण्डों में कुल **आठ** प्रश्न दिए गए हैं जो **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए तथा यदि उत्तर की शब्द सीमा मान्य सीमा से ज्यादा अधिक अथवा ज्यादा कम हो, तो अंकों में कटौती की जा सकती है।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

## PSYCHOLOGY (PAPER–I)

| Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 250 |
|---|---|

### QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to and if answered in much longer or shorter than the prescribed length, marks may be deducted.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* चर्चा कीजिए कि वैश्विक जलवायु परिवर्तन की समस्या का समाधान करने में मनोविज्ञान का किस प्रकार अनुप्रयोग किया जा सकता है।

Discuss how psychology can be applied in solving the problem of global climate change.

*(b)* ''मानवीय स्मृति एक टेप रेकॉर्डर अथवा कॉम्पैक्ट डिस्क में संचयित सूचना के समान नहीं है।'' इस कथन का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

"Human memory is not like information stored in a tape recorder or compact disc." Critically evaluate the statement.

*(c)* पियाजे के अनुसार, आत्मकेंद्रित प्राग्विद्यालयी जानबूझकर 'दूसरों का ध्यान न रखनेवाला' नहीं होता है, बल्कि उसे दूसरों का दृष्टिकोण समझने में कठिनाई होती है। स्पष्ट कीजिए।

According to Piaget, the egocentric preschooler is not intentionally 'inconsiderate' but rather has difficulty taking another's viewpoint. Explain.

*(d)* प्रात्यक्षिक रक्षा की परिघटना की व्याख्या कीजिए और इसका समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

Explain and critically evaluate the phenomenon of perceptual defence.

*(e)* परीक्षण कीजिए कि प्रायिकता अधिगम अन्य प्रकारों के अधिगम से किस प्रकार भिन्न है। उदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

Examine how probability learning is different from other types of learning. Give examples.

**2.** *(a)* प्रत्यक्षण लचीला होता है। फिर भी, वह सहज प्रवृत्तियों से भी प्रभावित हो सकता है। समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

Perception is plastic. However, it may also be affected by innate tendencies. Critically evaluate. 20

*(b)* तंत्रिका वैज्ञानिकों एवं विकासवादी वैज्ञानिकों ने आधुनिक मनोविज्ञान को किस प्रकार योगदान दिया है?

How have neuroscientists and evolutionary scientists contributed to modern psychology? 15

*(c)* स्मरण में प्रक्रमण के उथले और गहरे स्तरों के महत्त्व का प्रदर्शन कीजिए। रोज़मर्रा की जिंदगी के उदाहरणों की सहायता से स्पष्ट कीजिए कि पुनरुद्धार संकेत हमारी याद करने की क्षमता को कैसे बढ़ाते हैं।

Demonstrate the importance of the shallow and deep levels of processing in remembering. With the help of daily life examples, explain how retrieval cues enable us to remember. 15

3. *(a)* प्रायोगिक प्रणाली में सहभागियों के यादृच्छिक समनुदेशन का सिद्धांत किस कारण इस्तेमाल किया जाता है? प्रायोगीकरण में, प्रयोगकर्ता प्रभाव और माँग विशेषताएँ सहभागियों के व्यवहार को किस प्रकार प्रभावित करते हैं? ऐसे दोषों को कम करने के लिए किन कार्यविधियों को अपनाया जा सकता है?

Why is the principle of random assignment of participants used in experimental method? How do experimenter effects and demand characteristics influence participants' behaviour in experimentation? What procedures can be adopted to minimize such pitfalls? 20

*(b)* सकारात्मक और नकारात्मक प्रकारों के प्रबलन और दंड के बीच विभेदन कीजिए। वर्णन कीजिए कि गाड़ी ड्राइव करते समय सीट बेल्टों को लगाने को प्रवर्तित करने के लिए इनको किस प्रकार लागू किया जा सकता है।

Differentiate between positive and negative types of reinforcement and punishment. Describe how these could be applied to enforce putting on the seat belts while driving. 15

*(c)* भारत में युवकों और युवतियों के विभिन्न विकासात्मक कार्यों के बीच विभेदन कीजिए।

Differentiate between various developmental tasks of young men and women in India. 15

4. *(a)* 'अनोवा' के अंतर्हित क्या-क्या अभिगृहीत हैं? एक प्राक्कल्पनात्मक उदाहरण के साथ चर्चा कीजिए कि किन अवस्थाओं में दो-तरफा 'अनोवा' लागू किया जाता है और किस प्रकार परिणामों का निर्वचन किया जाता है।

What are the assumptions underlying ANOVA? Discuss the conditions when two-way ANOVA is applied and how the results are interpreted with a hypothetical example. 20

*(b)* संकेत संज्ञापन थियोरी पर चर्चा कीजिए और उसके अनुप्रयोगों की व्याख्या कीजिए।

Discuss signal detection theory and explain its applications. 15

*(c)* सरकारी सामाजिक योजनाओं के प्रभाव मूल्यांकन में प्रतिचयन और आँकड़ा संग्रह की विभिन्न विधियाँ किस प्रकार उपयोगी हो सकती हैं? किसी उपयुक्त उदाहरण के साथ वर्णन कीजिए।

How can different methods of sampling and data collection be useful in impact evaluation of government social schemes? Describe with a suitable example. 15

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* अनुसंधान अध्ययनों की सहायता से समस्या समाधान में प्राप्यता अन्वेषण एवं प्रतिनिधित्व अन्वेषण के उपयोग को स्पष्ट कीजिए।

Explain the use of availability heuristic and representativeness heuristic in problem solving with the help of research studies.

(b) क्या आपके विचार में अच्छे मूड में होना आवक सूचना के प्रक्रमण करने की आपकी क्षमता को घटाता है? अनुसंधान अध्ययनों के प्रकाश में परीक्षण कीजिए।

Do you think being in a good mood reduces your capacity to process incoming information? Examine in the light of research studies.

(c) बन्डुरा के अनुसार, मनुष्य में अकसर अपने स्वयं के व्यवहार का स्व-नियमन करने की प्रभावशाली क्षमता देखी जाती है। मूल्यांकन कीजिए।

According to Bandura, human beings often demonstrate impressive capacity for the self-regulation of their own behaviour. Evaluate.

(d) विसंवादिता किस प्रकार से अभिवृत्तियों और व्यवहार में परिवर्तन लाने का एक प्रभावी साधन बन सकती है?

In what way can dissonance be an effective means for changing attitudes and behaviour?

(e) भाषायी संप्रेषण की विभिन्न परिसीमाओं को स्पष्ट कीजिए।

Explain various limitations of verbal communication.

**6.** (a) व्यक्तित्व के विशेषक (ट्रेट) परिप्रेक्ष्य और मानवतावादी परिप्रेक्ष्य की तुलना कीजिए।

Compare the trait perspective and humanistic perspective on personality. 20

(b) ''सर्जनात्मकता का अभिप्राय ऐसे नवीन विचारों से है, जो कुछ समस्याओं को उपयोगी ढंग से हल करते हैं।'' इस कथन का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए और चर्चा कीजिए कि सर्जनात्मक अंतर्दृष्टि को किस प्रकार समझाया जा सकता है।

"Creativity refers to novel ideas that address some problems in a useful way." Critically examine the statement and discuss how creative insight can be explained. 15

(c) क्या निद्रा एक निष्क्रिय प्रक्रम है? उचित वैज्ञानिक समर्थन द्वारा अपने उत्तर को सही सिद्ध कीजिए।

Is sleep a passive process? Justify your answer with proper scientific support. 15

**7.** (a) प्राणियों में संप्रेषण की तुलना में मानवीय भाषा को किन बातों ने अद्वितीय बना दिया है, इस बात पर ध्यान केंद्रित करते हुए भाषा की संरचना और उसके अभिलक्षणों का वर्णन कीजिए।

Describe the structure and features of language focussing on what makes human language unique in comparison to communication in animals. 20

(b) मशीनों के उपयोग के द्वारा मानवीय बुद्धि का अनुरूपण (सिमुलेशन) करने के समकालीन अनुसंधानों पर और मानव व्यवहार समझने के लिए उनके निहितार्थों पर चर्चा कीजिए।

Discuss contemporary researches on simulating human intelligence using machines and their implications for understanding human behaviour. 15

(c) मूल्यों के महत्त्व और सहसम्बन्धों का विवेचन कीजिए। मूल्यों पर सोशल मीडिया के प्रभाव पर टिप्पणी कीजिए।

Discuss the significance and correlates of values. Comment on the impact of social media on values. 15

8. *(a)* वर्णन कीजिए कि जे० पी० दास की थियोरी, बुद्धि की अन्य थियोरियों से किस तरह भिन्न है।

Describe how J. P. Das' theory is distinct from other theories of intelligence. 20

*(b)* आत्मोपकारी पूर्वग्रह और मूल गुणारोपण त्रुटि की संकल्पनाओं की व्याख्या कीजिए। वे समस्या समाधान को किस तरह प्रभावित करते हैं?

Explain the concepts of self-serving bias and fundamental attribution error. How do they affect problem solving? 15

*(c)* क्या संवेगात्मक रूप से सक्षम लोग आंतरिक रूप से नियंत्रित होते हैं? समझाइए। युवाओं में अंतर्भूत अभिप्रेरण को बढ़ाने के क्या तरीके हैं?

Are emotionally competent people internally controlled? Explain. What are the ways to enhance intrinsic motivation of young adults? 15

★ ★ ★